संख्या: 3/493/ सत्रह-म-2014/6-9(332)/2014

प्रेषक,

योगेश कुमार
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सम्बंधित मण्डलायुक्त,
उ0प्र0 ।

2- सम्बंधित जिलाधिकारी,
उ0प्र0 ।

3- निदेशक
मत्स्य विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग लखनऊ: दिनांक 04 मार्च,2014

विषय - आगामी वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु मत्स्य विभाग की संचालित मोबाइल फिश पार्लर परियोजना का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बंध में ।

महोदय,

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्व, पारसी, एवं जैन,) के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिवद्ध है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्यकों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुए उन्हे न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बंध में शासनादेश सं0 - 1533/ 52- 3- 2013- सा (30)/2013, दिनांक 24-08-2013 निर्गत किया गया है । शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में मत्स्य विभाग की मोबाइल फिश पार्लरयोजना भी सम्मिलत है। यह योजना लाभार्थी परक है।

3- शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत जिलेवार अनन्तिम लक्ष्य तत्काल निर्गत कर दिये जायें जिससे कि जनपद स्तर पर विभागीय अधिकारी लक्ष्यों के अनुरूप वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होते ही क्रियान्वयन कर आरम्भ कर सके 1 तत्क्रम में 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मात्राकरण करते हुए जनपदवार फांट निर्धारित कर दिया जाय। तदनुसार योजनान्तर्गत राज्य पोषित मोबाइल फिश पार्लर योजना के निर्धारित किये गये अनन्तिम लक्ष्य की जनपदवार फांट संलग्नक -क पर है, इसके आधार पर ही जनपदवार लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है।

4- उपरोक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्रारूप की प्रति संलग्नक -ख के रूप में संलग्न है 1इस प्रारूप पर प्रत्येक माह 7 तारीख तक वांछित विवरण /सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के सम्बंधित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बंधित विभाग परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक संलग्नक -ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायगें 1

5- योजना में अल्पसंख्यकों हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नही हो पाते है तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय से पूर्ण कर लिया जाए ।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- योजना से सम्बंधित शासनादेश सं0 1533/52-3-2013-सा(30)/2013, दिनांक 24-08-2013 में निर्धारित अन्य शर्तों /प्रक्रिया का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए पूर्व में निर्गत किये गये शासनादेश की प्रक्रिया एवं शर्तें यथावत रहेंगी 1

संलग्लक : यथोक्त ।

भवदीय

योगेश कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या: 3/493(1)/ सत्रह-म-2014, 6-9(332)/2014 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुखसचिव,/सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन ।
2- निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ ।
3- सम्बंधित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(क्षेत्रपाल)
उप सचिव
मत्स्य विभाग

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या 3/493(1)/सत्रह-म-2014 6-9(332)/2014 दिनांक 04 मार्च,2014 का संलग्नक

संलग्नक -क

मोबाइल फिश पार्लर योजना

वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु प्रस्तावित आय-व्ययक अनुमान के सापेक्ष्य प्रस्तावित मोबाइल फिश पार्लरों की स्थापना एवं कुल लक्ष्य के सापेक्ष्य अल्पसंख्यकों हेतु अनन्तिम लक्ष्यों का निर्धारण

कुल लक्ष्य :- 50

अल्पसंख्यक आच्छादित लक्ष्य -10

क्रमांक	जनपद /मण्डल	कुल अनन्तिम मोबाइल फिश पार्लरों की संख्या	कुल लक्ष्य के सापेक्ष अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकरण
1	एटा	01	0
2	फिरोजाबाद	01	0
3	मउ	01	0
4	कौशाम्बी	01	0
5	फतेहपुर	01	0
6	प्रतापगढ	01	0
7	कानपुर नगर	01	0
8	कानपुर देहात	01	0
9	इटावा	01	0
10	कन्नौज	01	0
11	गोरखपुर	01	0
12	महराजगंज	01	0
13	देवरिया	01	0
14	बस्ती	01	0
15	संतकबीर नगर	02	01
16	सिद्वार्थनगर	01	01
17	जालौन	01	0
18	ललितपुर	01	0

http://shasanadesh.up.nic.in

19	बलरामपुर	01	0
20	बहराइच	01	01
21	श्रावस्ती	02	01
22	फैजाबाद	01	0
23	अम्बेडकर नगर	01	0
24	बांराबंकी	02	01
25	बदायूं	01	0
26	शाहजहॉपुर	01	0
27	पीलीभीत	01	0
28	सोनभद्र	01	0
29	संतरविदासनगर	01	0
30	संभल	01	01
31	रामपुर	01	0
32	बिजनौर	02	01
33	बागपत	01	0
34	गाजियाबाद	01	0
35	बुलन्दशहर	02	01
36	लखनऊ	02	01
37	ऊन्नाव	01	0
38	रायबरेली	01	0
39	हरदोई	01	0
40	चन्दौली	01	0
41	जौनपुर	01	0
42	सहारनपुर	01	0
43	शामली	02	01
	महायोग	**50**	**10**

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक - ख

सम्बंधित विभाग द्वारा जनपदों से सूचना प्राप्त करने हेतु प्रपत्र S

विभाग का नाम :

जनपद का नाम : माह -

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा सचांलित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारण प्रारूप						
क्र0	योजना का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्व माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक कार्मिक उपलब्धि	लक्ष्य विरूद्व कार्मिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक - ग

सम्बंधित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

विभाग का नाम :

जनपद का नाम : माह -

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा सचांलित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारण प्रारूप						
क्र0	जनपद का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्व माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक कार्मिक उपलब्धि	लक्ष्य विरूद्व कार्मिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7

http://shasanadesh.up.nic.in

FILENAME : GGGGG
DIRECTORY : C : \DOCUMENT AND ETTING\ADMIN\DEKTOP\GO ON LINE
TEMPLATE : C : \DOCUMENT AND ETTING\ADMIN\APPLICATION DATA\MICROOFT\TEMPLATE\NORMAL.DOTM
TITLE :
UBJECT :
AUTHOR : HCL
KEYORD :
COMMENT :
CREATION DATE : 3/6/2014 12 : 19 : 00 AM
CHANGE NUMBER : 20
LAT AVED ON : 3/6/2014 12 : 45 : 00 AM
LAT AVED BY : HCL
TOTAL EDITING TIME : 15 MINUTE
LAT PRINTED ON : 3/6/2014 12 : 45 : 00 AM
A OF LAT COMPLETE PRINTING
NUMBER OF PAGE : 7
NUMBER OF ORD : 1,089 (APPROX.)
NUMBER OF CHARACTER : 6,211 (APPROX.)